कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ग्वालियर मध्यप्रदेश

–:विविध संशोधन आदेशः–

क्रमांक 15 /एक–11–1 / कार्य.विभा.पत्र. / सां.अनु. / 19 **ग्वालियर, दिनांक** 30-01-2026

प्रशासनिक कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन विविध आदेश क्र. –175 / एक–11–1 / कार्य.विभा.पत्र. / 19 दिनांक 14.08.2025 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैः–

1. विविध आदेश क्र. 175 के पृष्ठ क्र. 23 पर अंकित सरल क्र. 34 (श्रीमती संजू नीतिश तिवारी, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर) में कॉलम क्र. 04 की कण्डिका क्र. 2 (**रू. 15,00,001/– (पन्द्रह लाख एक रूपये) से रू. 20,00,000/–(बीस लाख रूपये)** तक वाद मूल्यांकन के सिविल मामले तथा उनके उत्पन्न विविध कार्यवाहियां एवं निष्पादन मामले) को विलोपित किया जाकर विविध आदेश के पृष्ठ क्र. 24 पर अंकित सरल क्र. 38 (श्री एम.एन. एच. रजवी, एकादशम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर) में कॉलम क्र. 04 की कण्डिका क्र. 6 के रूप में जोड़ा जाता है।

2. विविध आदेश क्र. 175 के पृष्ठ क्र. 39 पर अंकित तालिका में सरल क्र. 2 पर अंकित ''श्रीमती हर्षिता सोनी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, ग्वालियर'' का नाम विलोपित किया जाकर उसके स्थान पर ''श्री विशाल जेठवा, चौदहवे व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, ग्वालियर'' का नाम प्रतिस्थापित किया जाता है।

उक्त संशोधन आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी माना जावेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर
30 JAN 2026

पृष्ठांकन कमांक 235 / एक–11–1 / कार्य.विभा.पत्र. / सां.अनु. / 19 ग्वालियर, दिनांक 30-1-26

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर।
2. श्रीमान् प्रिंसिपल रजिस्ट्रार महोदय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर।
3. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर।
   की ओर **ई–मेल** के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित्।
4. समस्त न्यायाधीशगण, ग्वालियर / डबरा / भितरवार,
5. प्रभारी अधिकारी, फाईलिंग काउण्टर, जिला न्यायालय ग्वालियर / डबरा / भितरवार
   की ओर **ई–मेल** के माध्यम से सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. कलेक्टर, जिला ग्वालियर
7. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, ग्वालियर / डबरा / भितरवार।
8. शासकीय अभिभाषक, जिला एवं सत्र न्यायालय, ग्वालियर।
9. उपसंचालक, अभियोजन शाखा, जिला न्यायालय, ग्वालियर।
10. जिला अभियोजन संचालनालय, जिला न्यायालय ग्वालियर।
    सं.क. 06 लगायत 10 की ओर **ई–मेल** के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. प्रशासनिक अधिकारी, जिला न्यायालय ग्वालियर।
12. जे.एस.ए., जिला न्यायालय ग्वालियर की ओर उक्त आदेश की प्रति **ई–मेल** की कार्यवाही किये जाने एवं अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
13. लेखापाल, जिला न्यायालय ग्वालियर,
14. प्रस्तुतकार / स्टेनो, न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ग्वालियर,
    की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
15. लिपिक, पूछताछ केन्द्र, ग्वालियर / डबरा / भितरवार एवं ऑफिस मोहर्रिर जिला न्यायालय ग्वालियर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि कार्यविभाजन पत्रक एवं कार्य प्रभार के संबंध में अधिवक्तागण / पक्षकारों द्वारा पूछे जाने पर उन्हें जानकारी तत्काल उपलब्ध करावे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
ग्वालियर